# फिर आसमान में छाए काले बादलों ने बढ़ाई किसानों की धड़कन

## दो दिन पूर्व हुई थी बारिश, फिर बेमौसम बारिश के आसार, ओला को लेकर डरे किसान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि को लेकर जिले के किसान ड़रे हुए है. दिन भर छाये काले बादलो ने एक बार फिर से किसानो की चिंता बढ़ा दी है. अभी दो दिन पूर्व जिले में बारिश हुई थी जिससे कोई खास नुकसान फसलो को नही हुआ था. लेकिन सोमवार से एक बार फिर बादल आसमान में बने हुए है, दिन भर बादल छाये रहे कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी भी हुई.**



जिले भर में दलहन, तिलहन के साथ गेंहू की फसल पक कर खड़ी है. ऐसे में अगर तेज बारिश या ओलावृष्टि होती है किसानो को सबसे ज्यादा नुकसान होगा. इस बार ठंड के मौसम में बारिश नही हुई और जब किसानो को पानी की जरूरत नही है तो मानसून बना हुआ है. मौसम विभाग की माने तो अभी दो दिन तक उसी तरह बादल रहेगे. गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है. पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है. बादलो के कारण तापमान में गिरावट आई है. न्यूनतम तापमा जहा 15 डिग्री पहुंच गया है तो वही दिन का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री रहा. जबकि इसके पहले न्यूनतम तापमान 17 डिग्री पहुंच चुका था और 38 डिग्री दिन का अधिकतम तापमान हो गया था. लेकिन बादल के आने एवं जिले के आसपास हुई बारिश के कारण पिछले चार दिन से मौसम में ठंडक है साथ ही धूप भी नरम है. लेकिन जैसे ही आसमान साफ होगा और धूप तेज होगी तो निश्चित रूप से गर्मी बढ़ेगी और 40 डिग्री तक तापमान पहुंच जाएगा.

दिन भर आसमान में काले बादल छाये रहे, दोपहर हल्की धूप हुई और उसके बाद फिर से कालेज बादल छा गये. फसल किसानो की खेत पर खड़ी है अपनी मेहनत को लेकर किसान चिंतित है. अगर ओलावृष्टि होती है तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा. फसल के अलावा आम एवं अन्य फलो को भी नुकसान होगा. जब किसानो को फसल के लिये पानी चाहिए था उस समय बारिश नही हुई. इस बार ठंड के मौसम में एक भी बारिश नही हुई, जबकि ठंड में बारिश जरूर होती है पर इस बार नही हुई.

### कटाई और गहाई में जुटे जिले के किसान

मौसम के मिजाज को देखते हुए किसान इस समय पकी हुई फसल को काटने और उसकी गहाई के लिये पूरी मेहनत के साथ लगे हुए है. दरअसल चना, मसूर और राई के साथ जवा की फसल पकने के साथ कट चुकी है और उसी की गहाई में किसान लगे है. अगर बारिश हो गई तो नुकसान होगा. इसके साथ ही गेंह की फसल भी कई जगह कटने लगी है .खलिहान में फसल कट कर पहुंच जाय तो उससे ज्यादा नुकसान नही होगा.

# टॉप बकायादारों के नाम अब फ्लेक्स होर्डिंग पर होंगे सार्वजनिक

**नवभारत न्यूज**


**रीवा, 23 मार्च, नगर निगम बड़े बकायादारो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने जा रहा है. जहा कुर्की की कार्यवाही की जाएगी. वही बकायादारो के नाम फ्लैक्स-होर्डिंग के माध्यम से सार्वजनिक किये जाएगे ताकि शर्मिंदा होकर बकाया राशि जमा करे. सोमवार को निगम आयुक्त डा. सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली की समीक्षा की. जहा कार्यवाही के निर्देश दिये.**

30 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले वार्ड प्रभारियों को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए गए कि सभी वार्ड प्रभारी न्यूनतम 50 प्रतिशत वसूली हर हाल में सुनिश्चित करें. उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि जिनकी वसूली निर्धारित लक्ष्य से कम पाई जाएगी, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. निगम आयुक्त ने अगले सात दिनों के भीतर जोन 01 को 2.5 करोड़ एवं जोन 03 को 3.5 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया. उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवधि में व्यावसायिक बकायादारों की से बकाया राशि निगम आयुक्त ने दिनांक 23 मार्च को जोन 01 एवं 03 की राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की. समीक्षा के दौरान दोनों जोनों की कम वसूली प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की. 30 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले वार्ड प्रभारियों को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए गए कि सभी वार्ड प्रभारी न्यूनतम 50 प्रतिशत वसूली हर हाल में सुनिश्चित करें. उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि जिनकी वसूली निर्धारित लक्ष्य से कम पाई जाएगी, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. निगम आयुक्त ने अगले सात दिनों के भीतर जोन 01 को 2.5 करोड़ एवं जोन 03 को 3.5 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया.

उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवधि में व्यावसायिक बकायादारों की एरियर की बकाया राशि वसूल करते हुए शून्य की जाए. उन्होंने बड़े व्यावसायिक बकायादारों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी बकायादारों पर तत्काल तालाबंदी की कार्रवाई की जाए. इसके अतिरिक्त निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी जोनों से 15-15 बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर उनके नाम के फ्लेक्स होर्डिंग शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएं, ताकि आमजन को भी बड़े बकायादारों की जानकारी हो सके. किसी तरह की लापरवाही न की जाय.

## संक्षिप्त

### पूर्व सांसद स्व. चंद्रमणि त्रिपाठी की पुण्यतिथि आज



**रीवा,** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शुमार रहे पूर्व सांसद स्व चंद्रमणि त्रिपाठी की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सौदामिनी सेवा संस्थान न्यास द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है. उक्त व्याख्यानमाला 'भारत में संसदीय लोकतंत्र और राजनैतिक दलों की भूमिका' विषय पर आयोजित हो रही है. उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी रहेगें. कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रामपुर बघेलान प्रभाकर सिंह,वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल एवं ज्ञानेंद्र तिवारी उपस्थित रहेंगे।उक्त व्याख्यानमाला 11 बजे से माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा के सभागार में आयोजित होगा।उक्त कार्यक्रम में सौदामिनी सेवा संस्थान न्यास की सदस्य श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने सभी से शामिल होने की अपील की है.

### अग्निवीर सैनिक भर्ती के लिए पंजीयन एक अप्रैल तक

**रीवा,** भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक के रूप में भर्ती के लिए पात्र युवा एक अप्रैल तक अपना पंजीयन ऑनलाइन करा सकते हैं. इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पी. गंगा ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए नोटिफिकेशन सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी में जारी कर दिया गया है. सेना में जाने के इच्छुक पात्र युवा इस वेबसाइट में अपना पंजीयन करा सकते हैं. पंजीयन कराने के बाद अग्निवीर सैनिक भर्ती रैली में शामिल होकर अग्निवीर सैनिक बनने का अवसर मिलेगा. इस संबंध में अन्य जानकारियाँ सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर के फोन नम्बर 7247028996 पर संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है.

### सलाहकार समिति की बैठक 26 को

**रीवा,** स्वास्थ्य विभाग के तहत गठित पीसी एण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक 26 मार्च को आयोजित की जा रही है. बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभागार में दोपहर बाद 3 बजे आरंभ होगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 24 मार्च को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, संकल्प से समाधान अभियान, पेंशन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### शिक्षक कांग्रेस सौंपेगा ज्ञापन

**रीवा,** मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी के आह्वान पर समस्त सम्मानित पदाधिकारीगण, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष एवं समस्त शिक्षक साथियों को सूचित किया जाता है कि 24 मार्च मंगलवार को सायं 4:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, रीवा में टेट परीक्षा के विरोध में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा. उक्त कार्यक्रम में सभी शिक्षक साथियों की सहभागिता आवश्यक है. सभी निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट परिसर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागी बनें.

### कलेक्टर ने जनगणना प्रशिक्षण के लिए दिए निर्देश

**रीवा,** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे चरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों के सूची बनाने का कार्य एक मई से 30 मई तक किया जाएगा. इसके लिए मास्टर्स ट्रेनर्स को प्रथम चरण में 15 से 20 मार्च तक भोपाल में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है. प्रशिक्षण के दूसरे चरण में मास्टर ट्रेनर जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देंगे. इसके तीसरे चरण में तहसील स्तर पर प्रगणक और पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण के लिए प्रगणिक और पर्यवेक्षकों की सूची तत्काल कलेक्ट्रेट के जनगणना कक्ष में उपलब्ध कराएं.

### भावांतर योजना के लिए क्रियान्वयन समिति गठित

**रीवा,** शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2026 में सरसों उत्पादक किसानों को भारत सरकार की प्राइस डेफिसिट पेमेंट स्कीम के मापदण्डों के अनुसार एफएक्यू उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य उपलब्ध कराया जाएगा. इसके लिए राज्य सरकार द्वारा सरसों फसल के लिए भावांतर योजना लागू की गई है. भावांतर योजना की निगरानी के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है. समिति में कृषि उपज मण्डी सचिव का समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है. समिति में सदस्य के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उपायुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी, सहायक संचालक उद्यानिकी, उप संचालक कृषि, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदि शामिल है.

# कांग्रेस ने मंडलम अध्यक्षों की जारी की सूची

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, जिला कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा वार मंडलम अध्यक्षो की सूची जारी कर दी है.**

जमीनी कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी गई है. कई न चेहरो को इस बार मौका दिया गया है. खासकर युवाओं पर ज्यादा ध्यान पार्टी ने दिया है. संगठन को ग्राम पंचायत/नगर के वार्डो मे कमेटियों के गठन को प्राथमिकता दी हैं. विधानसभावार मण्डलम अध्यक्षों की सूची जारी की हैं, जिसके अनुसार विधानसभा सिरमौर-68 के ब्लाक सिरमौर मे मण्डलम राजगढ़ प्रेमलाल दाहिया, पड़री दिलीप सिंह, बदरांव गौतमान अरूण कुमार पाण्डेय, तिलखन अजीत सिंह, उमरी राजेन्द्र द्विवेदी, क्योंटि में मनीष मिश्रा, सिरमौर में हीरामणि मिश्रा, बैकुण्ठपुर में मुजीब खान, ब्लाक जवा के चैखण्डी शारदा प्रसाद द्विवेदी, किरहाई संदीप त्रिपाठी, जवा विजय कुमार सिंह, सितलहा प्रभाकर सिंह पटेल, गाढ़ा 137 धनेन्द्र पाण्डेय, पटेहरा संजय कुमार पाण्डेय, ब्लाक डभौरा में खाझा गुमान सिंह, पनवार रामायण तिवारी, बरहुला बालमुकुंद तिवारी, अतरैला अवध नारायण साहू, लोहगढ़ रामनिवास पाण्डेय, डभौरा अरूण सिंह, विधानसभा सेमरिया 69 के ब्लॉक बनकुइंया के मण्डलम बहुरीबांध रामेश पाण्डेय इसी तरह अन्य मंडलो में अध्यक्ष नियुक्त हुए है.



# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की सरगर्मियां तेज, मतदान कल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, जिला अधिवक्ता संघ के दो वर्षीय चुनाव का मतदान आगामी 25 मार्च को जिला न्यायालय के पुराने ऐतिहासिक भवन में होगा. एक दिन बाद होने वाले अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में सरगर्मियां काफी तेज हो गई है.**

संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष ग्रंथपाल पद सहित पांच कार्यकारिणी पद हेतु कुल 71 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. जिसमें अध्यक्ष पद में 11, उपाध्यक्ष में 8, सचिव में 10, सहसचिव में 12, कोषाध्यक्ष में 7, ग्रंथपाल में 5 व कार्यकारणी सदस्य पद हेतु 18 शामिल है. जिला अधिवक्ता संघ रीवा के छह बार से लगातार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो रहे राजेंद्र पांडे एक बार पुनः चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं. वही पिछले चुनाव में कड़ी टक्कर देने वाले सरल स्वभाव के अशोक शुक्ला इस बार पुनः ताल ठोक दिए है बहरहाल अध्यक्ष पद के लिए पूर्व उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बघेल, निवर्तमान सचिव देवी शंकर ओझा, पूर्व सचिव श्रीकांत तिवारी, पूर्व जीपी संतोष अवधिया के चुनावी रण में कूद जाने से किसी के जीतने की तस्वीर स्पष्ट प्रतीत नहीं है. 25 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा. मतदान पीठासीन अधिकारी को राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा जारी परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य होगा.

# एक अप्रैल से किसानों को ई-टोकन से ही मिलेगी खाद : प्रतिभा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आयोजित समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही विभागीय योजनाओं, गेंहू उपार्जन तथा खाद वितरण की तैयारियों की समीक्षा की गई.**




कलेक्टर ने कहा कि किसी भी विभाग में सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड न रहे तथा सी व डी श्रेणी में रहने वाले विभागों को तत्परतापूर्वक शिकायतों का निराकरण कर ए श्रेणी में आने का प्रयास करना होगा. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत 26 मार्च तक विकासखण्ड स्तर में आयोजित शिविरों में आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिये ताकि जिला स्तर पर आवेदन न आये. बैठक में बताया गया कि आगामी 1 अप्रैल से किसानो को ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का विक्रय किया जायेगा. कलेक्टर ने कहा कि समितियों व विपणन द्वारा ई-टोकन से किये जाने वाले खाद वितरण की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी. लेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा गेंहू उपार्जन के लिए किये गये पंजीयन अनुसार रकबे का शत-प्रतिशत सत्यापन करें. बैठक में ननि आयुक्त एवं सीईओ मौजूद थे.

### जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक आज

**मऊगंज, 23 मार्च,** मऊगंज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 24 मार्च को दोपहर एक बजे से जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक आयोजित की गयी है. बैठक में शासकीय नजूल भूमि आवंटन के लिए जिला नजूल निर्वतन समिति 2020 के अन्तर्गत नजूल अधिकारी से प्रारूप दो में प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार भूमि का आवंटन किया जाकर प्रकरणों का निराकरण किया जाना है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं.

# शासकीय महाविद्यालय में रील बनाने का चल रहा चलन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, रीवा और मऊगंज जिले के कॉलेजों में सोशल साइड पर रील बनाने का जुनून अब इस कदर हावी हो चुका है कि छात्र छात्राओ को न जगह की परवाह है और न ही अनुशासन की.**

इसका ताजा उदाहरण देवतालाव स्थित शासकीय महाविद्यालय में देखने को मिला, जहां शिक्षा का माहौल अब धीरे-धीरे प्रभावित होता नजर आ रहा है. महाविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जमकर फूहड़ गाने बजाए गए, जिन पर छात्रों ने खुलेआम रील बनाई. स्थिति यहीं तक सीमित नहीं रही क्लास रूम जैसे अध्ययन स्थल भी रील शूटिंग के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं.

कई वीडियो सोशल साइड पर वायरल हो चुके हैं, जिससे कॉलेज की छवि पर भी असर पड़ रहा है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस तरह की गतिविधियां कॉलेज परिसर में कैसे संचालित हो रही हैं? क्या प्रबंधन को इसकी जानकारी नहीं, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है?शिक्षा के मंदिर में इस तरह की बढ़ती 'रीलबाजी' न केवल अनुशासनहीनता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि पढ़ाई के माहौल को भी प्रभावित कर रही है. यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो यह प्रवृत्ति आने वाले समय में और गंभीर रूप ले सकती है. कालेज प्रबंधन को एक्शन लेना चाहिए.

# मां कालिका के दर्शन के लिए भक्तों का लग रहा तांता

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, चैत्र नवरात्रि को लेकर चारो तरफ भक्तिमय वातावरण बना हुआ है. देवी मंदिरो में भक्तो का ताता लग रहा है तो वही दूसरी तरफ घरो में भी लोग शक्ति की उपासना कर रहे है. साथ ही कन्या भोज भी कराया जा रहा है.**



प्रसिद्ध रानी तालाब माँ कालिका के दर्शन के लिये दूरदराज से लोग पहुंच रहे है. यहा तड़के 4 बजे से दर्शन के लिये भक्तो की कतार लग जाती है और देर रात तक दर्शन के लिये भक्त पहुंचते रहते है. कड़ी सुरक्षा के बीच माँ कालिका के दर्शन लोग कर रहे है. इसी तरह गोविंदगढ़ खंधो स्थित माँ कालिका के दर्शन के लिये भक्तगण पहुंच रहे है. रीवा के अलावा अन्य जिलो से भी यहा माँ कालिका के दर्शन के लिये भक्त आ रहे है. रामनवमी तक यहा दस दिन मेला लगता है वही बूढ़ी माता मंदिर नईगढ़ी स्थित अष्टभुजी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरो में दर्शन के लिये भक्तगण पहुंच रहे है. रामनवमी तक सभी देवी मंदिरो में भक्तो का ताता रहेगा. सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है. अष्टमी और नवमी को सबसे ज्यादा भक्तो की भीड़ होगी. रानी तालाब वाली माँ कालिका का विशेष श्रृंगार दोनो दिन होगा. पांचवे दिन सभी जगह भारी भीड़ रही.

# जिला स्तरीय क्षीरधारा ग्राम संयुक्त समन्वय समिति गठित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, प्रदेश में दूध का उत्पादन दोगुना करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा अन्य विभागों के समन्वय से प्रयास किए जा रहे हैं. विभाग द्वारा क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत चिन्हित गांव में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं.**

इस योजना के तहत पशुपालन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग तथा वन विभाग के सहयोग से प्रयास किए जा रहे हैं. योजना क्रियान्वयन की निगरानी के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्षीरधारा ग्राम संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया गया है. समिति का उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बनाया गया है. उप संचालक पशुपालन समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे. समिति में उप संचालक कृषि, वन मण्डलाधिकारी तथा वन मण्डल के सदस्य को शामिल किया गया है.

# बंदियों को दिया गया स्वरोजगार मूलक प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के सहयोग से आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.**

जेल में परिरुद्ध 35 महिला बंदियों के लिए सॉफ्ट टॉय एवं रचनात्मक आभूषण निर्माण एवं 35 पुरुष बंदियों के लिए दो-पहिया वाहन मैकेनिक स्व-रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिया गया. क्षेत्रीय निदेशक यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पुनीत चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक अखिलेश मिश्रा द्वारा महिला बंदियों को अवगत कराया गया. कार्यक्रम में संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, दिलीप सिंह उप जेल अधीक्षक मौजूद रहे.

# गुणवत्ताहीन सड़कों को लेकर ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड, इंजीनियरों को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 मार्च, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने टीएल बैठक ली. निगम आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद करने के निर्देश दिए.**

शिकायतों को स्थानांतरित करने पर फटकार लगाते हुए कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर निराकरण सुनिश्चित करें. वार्ड क्रमांक 15 में बनी नाली की गुणवत्ता संबंधी शिकायत पर निगमायुक्त ने संबंधित संविदाकार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए तथा सहायक यंत्री कमलेश्वर सिंह एवं उपयंत्री पूर्वी अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर लापरवाही बरतने पर सुनील मिश्रा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. साथ ही निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यपालन यंत्री हर मंगलवार को सीवर एवं सफाई से संबंधित शिकायतों की बैठक कर समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं निराकरण दर्ज करें. शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान वार्ड क्रमांक 43 में बनी सड़क की गुणवत्ता संबंधी शिकायत पर निगमायुक्त ने संबंधित संविदाकार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए तथा सहायक यंत्री पीएन शुक्ला व उपयंत्री सुवर्णा तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. इसी तरह अन्य के खिलाफ कार्यवाही की गई.